1	2	3	4	5
11	Flat No. 16, 4th Floor, Laxmi Bhavan, D Road, Churchgate, Bombay	2105 sq. fts.	23-09-87	35,00,000
12.	Flat No. 1, 1st Floor, Avanti Building, Netaji Subhash Road, Bombay.	1325 sq. fts.	23-09-87	23,00,000
13.	D-6 2nd Floor, Metropolitan Co. Op Housing Society Ltd, 20, Pali Hill, Bandra, Bombay.	1659 sq fts	28-09-87	24,25,000
14.	D-5, 2nd Floor, Metropolitan Co-op. Housing Society Ltd 20, Pali Hill, Bandra, Bombay	1335 sq fts.	28-09-87	18,72,000
15.	Flat No. 203 B, Surya Apartments, Bhulabhai Desai Road, Bombay-26.	867 sq fts.	16-10-87	16,00,000
16.	Office premises No. 53, 5th Floor, Bajaj Bhavan, Nariman Point, Bombay.	1294 sq. fts.	16-10-87	33,51,000
17.	Unit No. 406, Swastik Chambers Junction of CST Road & Sion Trombay Road, Chembur, Bombay-71.	1687 sq fts.	29-10-87	19,78,000
18.	Unit No. 401, Swastik Chambers, Junction of CST Road & Sion Trombay Road, Chembur, Bombay-71.	1687 sq fts	29-10-87	19,70,000

भारतीय शान्ति सेना की सहायता के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड्स के कार्मिक

1037 **श्री रशीद मसूद** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने हाल ही के भारत-श्रीलंका समझौते के कार्यान्वयन के लिए श्रीलंका में भारतीय शान्ति सेना की सहायता के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड्स के कार्मिकों को भेजा है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है, और

(ग) राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड्स के कार्मिकों को श्रीलंका में भेजे जाने के कारण राष्ट्रीय नेताओं की सुरक्षा में आ रही कठिनाइयों को दूर करने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं?

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी. चिदम्बरम्) : (क) जी हां, श्रीमन् ।

(ख) बम को निष्क्रिय करने वाले दो कम्पोजिट रेंडर सेफ प्रोसिजर दलों और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड की श्वान यूनिटों को अति-आधुनिक परिष्कृत विस्फोटक यंत्रों तथा विभिन्न प्रकार की बारूदी सुरंगों का पता लगाने और उनको निष्क्रिय करने के लिए श्रीलंका भेजा गया है।

(ग) राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड अतिविशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा ड्यूटी के लिए नहीं है। सुरक्षा की दृष्टि से इस संबंध में और ब्यौरे देना उपयुक्त नहीं होगा।